केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड

(शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त संगठन)

CENTRAL BOARD OF SECONDARY EDUCATION

(An Autonomous Organisation Under the Ministry of Education, Govt. of India)

के.मा.शि.बो./ शैक्षणिक/AP&AD(SS)/2026 **दिनांक: 27.10.2026**

परिपत्र संख्या: शैक्ष-**69/2026**

के.मा.शि.बो. से संबद्ध विद्यालयों के प्रमुख

विषय: केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड विज्ञान प्रदर्शनी 2026-27 के संबंध मे।

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड शिक्षार्थियों में जिज्ञासा युक्त एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण को विकसित करने के लिए अनेक पहल करती रही है। विज्ञान प्रदर्शनी भी ऐसी ही एक पहल है। इस गतिविधि का उद्देश्य नई विचारों को विद्यमान अवधारणाओं से युक्त कर ज्ञान निर्माण को प्रदर्शित करने के लिए विद्यार्थियों को एक मंच प्रदान करना है।

शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए "केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड विज्ञान प्रदर्शनी" नवम्बर, 2026 से जनवरी, 2027 के बीच पहले क्षेत्रीय एवं तत्पश्चात राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित की जाएगी।

विज्ञान प्रदर्शनी 2026-27 के विषय और उप-विषय निम्न हैं:

विषय	उप-विषय
STEM for Science, Technology, and Innovation for a Sustainable and Vikshit Bharat	1. Artificial Intelligence (AI) for Better Life 2. Green Energy & Environmental Conservation 3. Mathematical Modelling and Computational Thinking 4. Health, Hygiene and Sanitation 5. Indigenous Agricultural Practices 6. Science for Rural Transformation 7. Disaster Management

विद्यालय निम्नलिखित दिशा-निर्देशों के अनुसार अपने विद्यार्थियों का पंजीकरण कर सकते हैं:

विज्ञान प्रदर्शनी में भाग लेने के दिशा-निर्देश:

1. सभी इच्छुक विद्यालयों को भाग लेने हेतु ऑनलाइन पंजीकरण, शुल्क और प्रदर्शनी/परियोजना विवरण प्रस्तुत करने के लिए दिनांक 27 अक्टूबर 2026 से 14 नवम्बर 2026 के बीच के.मा.शि.बो. की वेबसाइट पर उपलब्ध लिंक(https://academic.cbseit.in/science_ex) के माध्यम से प्रस्तुत करना होगा। पंजीकरण और शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि दिनांक 14 नवम्बर 2026 है।
2. सभी विद्यालयों के लिए पंजीकरण शुल्क 3000 रुपये है और इसे ऑनलाइन भुगतान गेटवे के माध्यम से जमा करना होगा।
3. विद्यार्थी निम्नलिखित 02 श्रेणियों में से किसी एक में भाग ले सकते हैं:

   श्रेणी I – कक्षा 6 से 8; और
   श्रेणी II – कक्षा 9 से 11

विद्यालय की टीम का प्रतिनिधित्व निम्नानुसार होगा:

क) एक ही श्रेणी के अधिकतम दो विद्यार्थी; और
ख) एक मेंटर विज्ञान शिक्षक।

4. एक प्रतिभागी विद्यालय अधिकतम दो टीम को पंजीकृत कर सकता है।
5. एक बार पंजीकृत होने के बाद विद्यार्थियों और मेंटर शिक्षक के नाम प्रदर्शनी के किसी भी चरण में नहीं बदले जाएंगे। क्षेत्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर भाग लेने वाली विद्यालय की टीम वही रहेगी।
6. एक बार चुने गए उप-विषय को बदला नहीं जाएगा। इसी प्रकार, परियोजना का शीर्षक भी बदला नहीं जाएगा।
7. विद्यार्थी/ टीम की परियोजना निम्नलिखित में से कोई भी हो सकती है:
   - जांच-आधारित अध्ययन;
   - विज्ञान और प्रौद्योगिकी के मूल सिद्धांतों का अनुप्रयोग;
   - किसी समस्या/चुनौती का नवीन समाधान/स्वदेशी डिज़ाइन।

   विद्यार्थी और मेंटर शिक्षक के.मा.शि.बो. विज्ञान प्रदर्शनी से संबंधित अधिक संसाधनों के लिए विज्ञान प्रदर्शनी माइक्रोसाइट पर जा सकते हैं।
8. विद्यार्थियों को यह सुनिश्चित करना होगा कि वे प्रदर्शनी तैयार करने में पर्यावरण-अनुकूल सामग्री का उपयोग करें।
9. प्रदर्शनियों का आकलन विशेषज्ञों के एक दल द्वारा निम्नलिखित मानदंडों के अनुसार किया जाएगा:

क) रचनात्मकता और कल्पना	20%
ख) मौलिकता और नवीनता	15%
ग) वैज्ञानिक सोच/सिद्धांत/दृष्टिकोण	15%
घ) तकनीकी कौशल, कारीगरी, शिल्प कौशल आदि	15%
ङ) शैक्षिक मूल्य, विस्तार क्षमता और भविष्य में समाज के लिए उपयोगिता	15%
च) अर्थशास्त्र (कम लागत), पोर्टेबिलिटी और टिकाऊपन	10%
छ) प्रस्तुति – प्रदर्शन की प्रभावशीलता और प्रासंगिक व्याख्या	10%

<u>विशेषज्ञ समिति का निर्णय ही अंतिम और मान्य होगा।</u>

10. क्षेत्रीय स्तर की प्रदर्शनी देशभर में विभिन्न स्थानों पर आयोजित की जाएगी। इससे संबंधित जानकारी केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की शैक्षणिक एकक की वेबसाइट पर प्रकाशित की जाएगी और प्रत्येक विद्यालय को उनके पंजीकृत ई-मेल आईडी पर सूचित किया जाएगा।

11. प्रतिभागी विद्यालय/टीम को प्रदर्शनी में भाग लेने से संबंधित सभी व्ययों का वहन स्वयं करना होगा। उनको प्रदर्शनी स्थल (शहर) पर अपने रहने/भोजन की व्यवस्था भी स्वयं ही करनी होगी।

12. प्रत्येक प्रतिभागी टीम के साथ माता/पिता/अभिभावक में से कोई एक अथवा मेंटर शिक्षक का होना अनिवार्य है। यदि प्रतिभागी छात्रा है, तो यह सुनिश्चित किया जाए कि उसके साथ जाने वाला मेंटर शिक्षक महिला हो अथवा माता/पिता/अभिभावक में से कोई एक साथ हो।

13. प्रतिभागी विद्यालयों से अपेक्षित है कि क्षेत्रीय/राष्ट्रीय विज्ञान प्रदर्शनी में यात्रा एवं सहभागिता के दौरान विद्यार्थियों के स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं भलाई का उचित ध्यान रखा जाए। प्रतिभागियों की सुरक्षा की ज़िम्मेदारी भाग लेने वाले विद्यालयों और स्थल विद्यालय (venue school) की होगी।

14. प्रतिभागी विद्यालय के सभी प्रमुख यह सुनिश्चित करें कि क्षेत्रीय/राष्ट्रीय कार्यक्रम से पहले विद्यार्थियों के माता-पिता से अनापत्ति प्रमाण पत्र/सहमति ले ली गई है।

15. विदेश में स्थित विद्यालयों के लिए प्रदर्शनी में भाग लेने हेतु आवश्यक जानकारी:

    i. विदेशी विद्यालयों के टीमों के लिए क्षेत्रीय चरण ऑनलाइन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित किया जाएगा।

    ii. क्षेत्रीय चरण में विजेता टीमों को राष्ट्रीय चरण में भाग लेने के लिए भारत में भौतिक रूप से उपस्थित होना अनिवार्य होगा, जिसका व्यय जैसे यात्रा, रहना और अन्य प्रतिभागी को स्वयं करना होगा।

16. प्रत्येक क्षेत्रीय स्तर पर चयनित सर्वश्रेष्ठ चौदह प्रदर्शनियों (प्रदर्शनियों की संख्या गुणवत्ता के आधार पर बढ़ या घट सकती है) को राष्ट्रीय स्तर की प्रदर्शनी में भाग लेने के लिए पात्र माना जाएगा (तिथि और स्थान की जानकारी बाद में दी जाएगी।)

17. राष्ट्रीय स्तर पर सर्वश्रेष्ठ चुनी गई प्रविष्टियों को उचित मान्यता दी जाएगी और पुरस्कृत किया जाएगा।

18. केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राष्ट्रीय विज्ञान प्रदर्शनी के विजेताओं के नाम राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (NCERT) द्वारा आयोजित 'राष्ट्रीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी, 2027' में प्रविष्टियों के रूप में विचारार्थ अग्रेषित किए जाएंगे। प्रदर्शनी में सहभागिता की पुष्टि उनके चयन पर निर्भर करेगी। विजेताओं को 'इनीशिएटिव फॉर रिसर्च एंड इनोवेशन इन स्टेम (IRIS)' द्वारा आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी 2027-28 में सीधे भाग लेने का अवसर भी मिल सकता है, जो उनके चयन पर निर्भर होगा।

अधिक जानकारी के लिए कृपया CBSE Science Exhibition microsite पर जाएं।

किसी भी प्रकार की जानकारी हेतु आप दूरभाष संख्या 011-24050627 पर संपर्क करें अथवा science.fair@cbseshiksha.in पर ईमेल करें।

पंजीकरण हेतु उपयोगकर्ता मार्गदर्शिका अनुलग्नक-1 में संलग्न है।

सभी विद्यालय प्रमुखों से अनुरोध है कि वे विद्यार्थियों को के.मा.शि.बो. प्रदर्शनी 2026-27 में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करें।

शुभकामनाओ सहित।

(डॉ. प्रज्ञा एम. सिँह)
प्रोफेसर एवं निदेशक (शैक्षणिक)

केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड

(शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त संगठन)

CENTRAL BOARD OF SECONDARY EDUCATION

(An Autonomous Organisation Under the Ministry of Education, Govt. of India)

आज़ादी का अमृत महोत्सव

निदेशालयों, संगठनों और संस्थानों के संबंधित प्रमुखों को यह अनुरोध करते हुए प्रति भेजी जा रही है कि वे अपने अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी विद्यालयों तक यह जानकारी पहुँचाए:-

1. आयुक्त, केंद्रीय विद्यालय संगठन, 18 इंस्टीट्यूशनल एरिया, शहीद जीत सिंह मार्ग, नई दिल्ली-16
2. आयुक्त, नवोदय विद्यालय समिति, बी-15, सेक्टर-62, इंस्टीट्यूशनल एरिया,नोएडा-201309
3. सचिव, एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय (ईएमआरएस), जनजातीय कार्य मंत्रालय,भारत सरकार
4. सचिव, सैनिक विद्यालय सोसायटी, कमरा सं. 101, डी-1 विंग, सेना भवन, नई दिल्ली-110001
5. अध्यक्ष, ओडिशा आदर्श विद्यालय संगठन, एन-1/9, दूरदर्शन केंद्र के पास, डाकघर सैनिक विदयालय, नयापल्ली, भुवनेश्वर, ओडिशा-751005
6. शिक्षा निदेशक, शिक्षा निदेशालय, एनसीटी दिल्ली सरकार, पुराना सचिवालय, दिल्ली-110054
7. जन अनुदेश निदेशक (विदयालय), संघ राज्य क्षेत्र, सचिवालय, सेक्टर 9, चंडीगढ़-160017
8. शिक्षा निदेशक, सिक्किम सरकार, गंगटोक, सिक्किम–737101
9. विद्यालय शिक्षा निदेशक, अरुणाचल प्रदेश सरकार, ईटानगर–791111
10. शिक्षा निदेशक, सरकार ए एंड एन द्वीप समूह, पोर्ट ब्लेयर–744101
11. विद्यालय शिक्षा निदेशक, लद्दाख, कमरा नंबर 101-102, भूतल, काउंसिल सचिवालय, कुरबाथांग, कारगिल – लद्दाख
12. विद्यालय शिक्षा निदेशक, आंध्र प्रदेश, तीसरा तल, बी ब्लॉक, अंजनेय टावर्स, वीटीपीएस रोड, भीमाराजू गुट्टा, इब्राहिमपटनम, आंध्र प्रदेश – 521456
13. निदेशक, झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद, रांची, झारखंड
14. निदेशक, सम्भोटा तिब्बती विद्यालय सोसायटी (STSS), केंद्रीय तिब्बती प्रशासन (सीटीए), धर्मशाला, हिमाचल प्रदेश
15. अपर महानिदेशक सेना, ए-विंग, सेना भवन, डीएचक्यू, पीओ, नई दिल्ली-110001
16. सचिव एडब्ल्यूईएस, रक्षा मंत्रालय (सेना) का एकीकृत मुख्यालय, एफडीआरसी भवन संख्या 202, शंकर विहार (एपीएस के पास), दिल्ली कैंट-110010
17. निदेशक, नेवी एजुकेशन सोसाइटी, नौसेना शिक्षा निदेशालय, नौसेना मुख्यालय, रक्षा मंत्रालय, वेस्ट ब्लॉक-वी, आरके पुरम, नई दिल्ली-110066
18. अध्यक्ष, केमाशिबो के संयुक्त सचिव
19. सचिव/परीक्षा नियंत्रक/सभी निदेशक,केमाशिबो
20. सभी प्रोफेसर एवं निदेशक, केमाशिबो
21. सभी क्षेत्रीय निदेशक/क्षेत्रीय अधिकारी केमाशिबो, इस अनुरोध के साथ कि वे इस परिपत्र को अपने-अपने क्षेत्रों में बोर्ड से संबद्ध सभी विद्यालयों के प्रमुखों को भेजें
22. सभी संयुक्त सचिव/उप सचिव/प्रधान निजी सचिव/वरिष्ठ निजी सचिव/अवर सचिव/सहायक सचिव
23. सभी एसोशिएट प्रोफ़ेसर एवं अपर निदेशक, असिस्टेंट प्रोफेसर एवं संयुक्त निदेशक, असिस्टेंट प्रोफेसर एवं उप निदेशक, असिस्टेंट प्रोफेसर एवं सहायक निदेशक, केमाशिबो
24. सभी प्रमुख/प्रभारी उत्कृष्टता केंद्र, केमाशिबो
25. प्रभारी आईटी इकाई, इस अनुरोध के साथ कि वे इस परिपत्र को केमाशिबो की शैक्षणिक वेबसाइट पर अपलोड करें।
26. प्रभारी, पुस्तकालय
27. रिकॉर्ड फ़ाइल

प्रोफेसर एवं निदेशक (शैक्षणिक)

अनुलग्नक-1

User Manual the CBSE Science Exhibition Registration

1. **Accessing the CBSE Science Exhibition Portal:**
   Visit the CBSE Academic website (https://academic.cbseit.in/science_ex), click on the **CBSE Science Exhibition Portal** link provided along with the official circular

2. Next click on login button and use the school LOC Credentials to log in**.**



3. **Filling in the School and Teams Details:** After logging in, the School Details section will be displayed. Schools shall verify the pre-filled school information and enter the required details in the respective fields**.**



4. Click on the Next button to proceed with entering the mentor and student details for the participating team(s). The registration fee will be calculated automatically based on the number of teams being registered by the school.



5. **Reviewing and Final Submission of School Details.**
   After completing the registration details, schools can review the information.
   - If all the information is correct, click on **Confirm & Final Submit** to submit the details.
   - If any corrections are required, click on **Back to Edit** to modify the information before final submission.

Schools are advised to verify all details carefully before proceeding with the final submission.

6. **Payment of Registration Fee:** After confirmation screen comes, the school has to pay the registration fee for participation in the Science Exhibition. For payment click on button “Proceed to Payment”, you will be redirected to the payment gateway page.





7. From the payment gateway page, select the preferred payment method and follow the on-screen instructions to pay the registration fee.

8. **Payment Confirmation Receipt:** Upon successful payment, the school will be redirected to the CBSE Science Exhibition Portal. A payment confirmation receipt containing the transaction details will be generated. Printout of same may be taken by the school.

9. If a school initially registers only one team and subsequently wishes to register a second team, it may use the Add New Team option available on the portal**.**



10. **Team ID and Password:** After successful payment, the school can view the **Team Id and Password** of the registering team on registration page**.**
The school must take the print out of this page and use these credentials to login in the portal.

11. **Submitting Project Details:** The School Mentor can logging to the **Participants Login** section using the Team ID and Password to enter the project details.